बरेली, शनिवार
30 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ [illegible]
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

PAGE NO 10 MIDDLE

सेमीफाइनल में पहुंचे केंद्रीय विद्यालय और विद्या भवन

जासं, बरेली : श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच हुए। इसमें केंद्रीय विद्यालय ने 165 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। वहीं दूसरे मैच में विद्या भवन ने 36 रन से मैच जीतकर सेमी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। केंद्रीय विद्यालय की तरफ से अंकित कुमार और विद्या भवन से सिद्धार्थ गौतम मैन आफ द मैच रहे। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पहला मैच केंद्रीय विद्यालय और जेपीएम स्कूल के बीच हुआ। शनिवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। जिसमें डीपीएस-मिशन अकादमी और विद्या भवन- केंद्रीय विद्यालय की टीमों में भिड़ंत होगी।

अंकित कुमार को मैन आफ द मैच की ट्राफी देती टूर्नामेंट आयोजन समिति की रुचि शर्मा ● सौ.एसआरएमएस